**प्रेस नोट 01- दिनांक 14.06.2024**
**थाना पुरवा,जनपद उन्नाव।**

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 14.06.2024 को उ0नि0 श्री विनोद सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा पासाखेड़ा प्राइमरी स्कूल के पास अडगांव मोड के पास से अभियुक्त शिवम कश्यप पुत्र स्व0 राम निरंजन कश्यप निवासी ग्राम रुकमपुर थाना बारासगवर जिला उन्नाव को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 134/2024 धारा 3/25 A. Act बनाम शिवम कश्यप पुत्र स्व0 राम निरंजन कश्यप निवासी ग्राम रुकमपुर थाना बारासगवर जिला उन्नाव पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** शिवम कश्यप पुत्र स्व0 राम निरंजन कश्यप निवासी ग्राम रुकमपुर थाना बारासगवर जिला उन्नाव उम्र करीब 20 वर्ष

**अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी का विवरण-**

एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर

एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर




**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री विनोद सिंह

2.हे0कां0 अविनाश कुमार ओझा

3.कां0 प्रशान्त सिंह

UNNAO POLICE

**प्रेस नोट 02- दिनांक 14.06.2024**
**थाना कोतवाली सदर,जनपद उन्नाव।**

## कूटरचित दस्तावेज से जमीन का फर्जी पंजीकरण कराकर बेंचने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी महोदया नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज से जमीन का फर्जी पंजीकरण कराकर बेंचने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 21.12.2023 को वादी मुकदमा श्री सौरभ मिश्रा पुत्र श्री सलिल कुमार मिश्रा निवासी 642 एच आई जी सेक्टर ए पीडी नगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव की तहरीरी सूचना पर मु0अ0सं0 1042/23 धारा 420/406/352 भादवि0 बनाम दो नफर नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना अभियोग में धारा 467,468,471 भादवि की वृद्धि की गई। आज दिनांक 14.06.2024 को उ0नि0 श्री अरुण कुमार सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामित वांछित अभियुक्त कौशलेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह निवासी ग्राम कोरारी कलां थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 37 वर्ष को ग्राम कोरारी कलां से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.कौशलेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह निवासी ग्राम कोरारी कलां थाना अचलगंज जनपद उन्नाव उम्र करीब 37 वर्ष




**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

01. उ0नि0 अरुण कुमार सिंह
02. का0 विनीत पाल
03. म0का0 वंदना कटियार

**प्रेस नोट 03- दिनांक 14.06.2024**
**थाना आसीवन,जनपद उन्नाव।**

UNNAO POLICE

## जनसेवा केन्द्र में काम करने वाले युवक के साथ लूट करने वाला वांछित अभियुक्त अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आसीवन पुलिस द्वारा वांछित लुटेरे को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 11.05.2024 को वादी श्री मो0 सलीम पुत्र रसूल बक्श नि0 ग्राम पेसारी थाना आसीवन जनपद उन्नाव द्वारा थाना आसीवन पर तहरीरी सूचना दी गई कि मेरा पुत्र मो0 फाईम जो कि जनसेवा केन्द्र नंगाखेड़ा चौराहा में काम करता है, दिनांक 10.05.2024 को जनसेवा केन्द्र से वापस अपने घर आ रहा था तभी टिकाना मोड़ पर मेरे पुत्र की मोटरसाइकिल को दो स्पलेन्डर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोककर उससे बैग छीनने लगे तथा विरोध करने पर उसके पैर पर फायर किया तथा मेरे पुत्र की मोटरसाइकिल व बैग जिसमें रूपये, लैपटाप, फिंगर मशीन आदि थी, लेकर चले गये। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आसीवन पर मु0अ0सं0 119/24 धारा 394 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया था। घटना का अनावरण करते हुए दिनांक 16.05.2024 को अभियुक्तगण 1. आकाश कुमार वर्मा पुत्र रामनरेश वर्मा निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ उम्र करीब 24 वर्ष 2. विपिन वर्मा पुत्र शोभनाथ वर्मा निवासी जयनगरा थाना शिवरतन गंज जिला अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष 3. सुमित उर्फ शीबू पुत्र इन्द्रपाल निवासी मोहरा कला थाना गोसाईगंज लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद कर जेल भेजा जा चुका है तथा एक बाल अपचारी को बाल सुधार ग्रह भेजा गया है। आज दिनांक 14.06.2024 को मुकदमा उपरोक्त में शेष वांछित अभियुक्त आदर्श शाहू पुत्र राधेश्याम शाहू निवासी बेलीकलां थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 21 वर्ष को एक अदद अवैध तमंचा 315

बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद कर पेशारी माइनर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को उसके जुर्म धारा 394/411/120बी IPC व 3/25 आर्म्स एक्ट से अवगत कराकर गिरफ्तार करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** 1. आदर्श शाहू पुत्र राधेश्याम शाहू निवासी बेलीकलां थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ उम्र 21 वर्ष

**अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी का विवरण-**

एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस बरामद

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 सर्वेश चन्द्र
2. हे0का0 उमेश सैनी
3. कां0 रवीन्द्र यादव
4. कां0 रितेश पटेल



# प्रेस नोट 04- दिनांक 14.06.2024
# थाना अजगैन,जनपद उन्नाव।

## हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनाँक 03.06.2024 को श्रीमती शीबू सिंह पत्नी कमल सिह निवासी ग्राम बक्तूखेडा थाना अजगैन जनपद उन्नाव के घर में घुसकर मारपीट व उनके पति श्री कमल सिंह पर जानलेवा हमला करने के करने के संदर्भ में थाना अजगैन में मु0अ0सं0 173/24 धारा 147/148/307/452/506 भादवि पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 14.06.2024 को प्र0नि0 श्री अवनीश कुमार सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त संजय सिंह पुत्र स्व0 नौंरग सिंह निवासी बक्तूखेडा थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र 54 वर्ष को ग्राम बक्तूखेड़ा से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-** 1.संजय सिंह पुत्र स्व0 नौंरग सिंह निवासी बक्तूखेडा थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र 54 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. SHO श्री अवनीश कुमार सिंह
2. का0 अर्पित चौधरी
3. का0 भारत

